महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान
(शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)
वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन –456006 (म.प्र.)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan
(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)

प.सं.17-3/2019(प्र./वि.)/मसारावेविप्र/ दिनांक : 24.03.2023

कार्यालय ज्ञापन – 1217

जल शक्ति अभियान, 2023 के अन्तर्गत जल संरक्षण के लिए विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के सम्बन्ध में ।

पेयजल संसाधनों की वहनीयता बढाने एवं वर्षा के जल को संरक्षित करने के उद्देश्य से जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 04.03.2023 से 30.11.2023 तक **"जल शक्ति अभियान, 2023 – वर्षा के जल को संरक्षित करना"** आयोजित किया जा रहा है । जल शक्ति अभियान के तहत देश के जल संसाधनों को सुदृढ करने पर बल दिया जाएगा । इस अभियान का शुभारंभ **"स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान"** कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा किया गया ।

प्रतिष्ठान द्वारा संचालित राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय/ देशभर में अनुदानित वेदपाठशालाओं / गुरू-शिष्य परम्परा इकाई अध्यापकों को निर्देशित किया जाता है, कि वेदपाठशाला/ इकाइयों में अध्ययनरत वैदिक छात्र-छात्राओं को पेजयल को सुरक्षित करने के लिए जागरूकता लाने के उद्देश्य से जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, जल संरक्षण संबंधित नारा लेखन, चित्रकला, दीवार लेखन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाए, जिससे छात्र-छात्राएं प्रायौगिक तौर पर अपने दैनिक कार्यों में जल के अपव्यय को रोकने तक जल संरक्षण के प्रति जागरूक बने ।

वेदपाठशालाओं / इकाइयों द्वारा जल शक्ति अभियान, 2023 के अन्तर्गत आयोजित विभिन्न गतिविधियों के फोटो, वीडियो प्रतिष्ठान को ईमेल msrvvp.ujn@gmail.com / स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित करें ।

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि : (1) सहायक निदेशक , म.सा.रा.वे.वि.प्र, उज्जैन
(2) राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय / समस्त वेदपाठशाला / गुरू-शिष्य परम्परा इकाई अध्यापकों को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ ।
(3) कार्यालय आदेश पत्रावली।

दूरभाष (0734) 2502266, 2502254, 2502255
E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website : www.msrvvp.ac.in